







## विधायक ने आमाकोट से पोरोण्डी के मध्य सड़क व पुलिया निर्माण की घोषणा की

# चौमासे में अब ग्राम पोरोण्डी नहीं बनेगा टापू विधायक ने किया पुल निर्माण का भूमिपूजन

## कभी नक्सलियों का सुरक्षित ठिकाना, अब हो रहा गुलजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर/कोयलीबेड़ा

कांकेर जिले के अतिसंवेदनशील और कभी नक्सलियों के सुरक्षित ठिकाने माने जाने वाले पोरोण्डी गाँव में आखिरकार विकास की नई सुबह दिखने लगी है। बरसात के चार महीने तक टापू में तब्दील हो जाने वाले इस गाँव को अब पुल के जरिए मुख्यधारा से जोड़ने की तैयारी शुरू हो गई है। वर्षों पुरानी मांग पूरी होने पर ग्रामीणों के चेहरे खिल उठे, जब विधायक विक्रम उसेंडी और कलेक्टर नीलेश कुमार महादेव क्षीरसागर की मौजूदगी में करोड़ो की लागत से बनने वाले पुल का भूमिपूजन किया गया। यह पुल सिर्फ नदी पर बनने वाला ढांचा नहीं, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और प्रशासन तक पहुँच का नया रास्ता साबित होगा।

विकासखंड कोयलीबेड़ा के ग्राम पोरोण्डी में वर्षों से लंबित पुल निर्माण की मांग आखिरकार पूरी होने जा रही है। पोरोण्डी नदी करोड़ो की लागत से बनने वाले पुल का भूमिपूजन विधायक विक्रम उसेंडी ने कलेक्टर एवं पंचायत प्रतिनिधियों व ग्रामीणों की उपस्थिति में किया। बरसात के चार माह तक दोनों तरफ नदी से घिरे रहने के कारण यह गाँव टापू बन जाता था, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। लंबे समय तक यह इलाका नक्सलियों के लिए सुरक्षित जोन बना रहा और प्रशासनिक पहुँच भी लगभग नहीं के बराबर थी। नक्सल प्रभाव कम होने के बाद अब क्षेत्र में विकास कार्यों ने गति पकड़ ली है। विधायक विक्रम उसेंडी दूसरी बार गाँव पहुँचे, जबकि कलेक्टर नीलेश कुमार महादेव क्षीरसागर इस गाँव तक पहुँचने वाले जिले के पहले कलेक्टर बने। ग्रामीण लंबे समय से पोरोण्डी नदी पर पुल निर्माण की मांग की थी। एक वर्ष पूर्व विधायक के गाँव दौरे के दौरान ग्रामीणों ने फिर यह मुद्दा उठाया था। विभागीय स्वीकृति नहीं मिलने के बावजूद डीएमएफ मद से पुल निर्माण के लिए लगभग 9 करोड़ रुपए स्वीकृत कराए गए। सड़क निर्माण के लिए पीएमजीएसवाय को एजेंसी बनाया गया, क्योंकि दोनों ओर की सड़क पहले से इसी विभाग ने बनाई है। अक्टूबर 2025 में प्रशासकीय स्वीकृति मिलने के बाद निविदा और अन्य प्रक्रियाओं में करीब आठ माह लग गए। वर्क ऑर्डर जारी होते ही निर्माण कार्य शुरू करने से पहले भूमिपूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया।

### विधायक ने कहा-अब विकास नहीं रुकेगा

*आमजन को संबोधित करते हुए विधायक विक्रम उसेंडी ने कहा कि पोरोण्डी और छोटे बोदली जैसे गाँव वर्षों तक विकास से दूर रहे क्योंकि यहाँ पहुँचना बेहद कठिन था। उन्होंने कहा कि यह पुल केवल नदी के दो किनारों को नहीं, बल्कि गाँव को शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और प्रशासनिक सेवाओं से जोड़ेगा। विधायक ने भरोसा दिलाया कि अब क्षेत्र का कोई भी गाँव विकास से अछूता नहीं रहेगा। इस दौरान उपस्थित पोरोण्डी सरपंच नारदराम, छोटे बोदेली सरपंच केजूराम पोटाई और मंडल अध्यक्ष लच्छूराम गावड़े ने भी संबोधित किया।*



कलेक्टर नीलेश पोरोण्डी ग्राम पंचायत मुख्यालय पहुँचने वाले पहले कलेक्टर



### सुरेवाही तक सड़क मांझापारा में पुलिया

*ग्रामीणों की माँग पर विधायक विक्रम उसेंडी ने स्कूल की माँग पर कहा कि दसवीं तक के स्कूल के लिए प्रस्ताव जिले से विभाग के पास गया हुआ है और हमारा प्रयास होगा कि आने वाले सत्र में स्कूल की स्वीकृति मिल सके। इसके अलावा सातधारा के पुल निर्माण और सुरेवाही तक सड़क निर्माण की घोषणा किया। मांझापारा में भी पुलिया के निर्माण की घोषणा किया। विधायक ने कहा कि विकास कार्य शुरू हो चुके है और अब यह रूकने वाला नहीं है।*

### कार्यक्रम में यह रहे शामिल

*आयोजित कार्यक्रम में ग्राम पंचायत कड़मे सरपंच नितेश नरेटी, ग्राम पंचायत केसेकोड़ी फुलबत्ती उसेण्डी, ग्राम पटेल धनसाय ध्रुर्वा, ग्राम गायता धनराज धुर्वा, ग्राम गायता घासीपारा सुदनूराम दुग्गा, ग्राम गायता माड़कट्टा, पूर्व जनपद सदस्य रीना बघेल, पूर्व सरपंच बीआर दुग्गा, वासुकी नायक, हिरमनी नाग, सुदामा टांडिया, अनुसुईया नरेटी, रमेश दुग्गा , मनीराम पोटाई, दिलीप नाग, देवराज नाग, कार्तिक कुलदीपक, विसनाथ दुग्गा, संबलूराम कुलदीप, मनिता नाग, कविता शोरी के अलावा कई गांव के ग्रामीण एवं मंच संचालन टिकेश नाग ने किया।*

### पोरोण्डी के लिए यह पुल जीवन रेखा

कलेक्टर नीलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने आमजनता को संबोधित करते हुए कहा कि पोरोण्डी पहुँचकर मुझे यह महसूस हुआ कि इस क्षेत्र के लोगों ने वर्षों तक कितनी कठिन परिस्थितियों में जीवन बिताया है। आजादी के बाद से लगातार पुल की मांग होना इस बात का प्रमाण है कि यह केवल एक निर्माण कार्य नहीं, बल्कि ग्रामीणों की जीवनरेखा है। विधायक विक्रम उसेंडी ने इस पुल को लेकर संवाद किया था और उनके निर्देश पर ही यह पुल बनने जा रहा है। जिला प्रशासन का प्रयास है कि अब ऐसे दूरस्थ और पहले प्रभावित रहे क्षेत्रों तक शासन की योजनाएँ प्रभावी रूप से पहुँचें। पुल निर्माण के बाद शिक्षा, स्वास्थ्य, राशन, आपातकालीन सेवाओं और रोजगार के अवसरों तक ग्रामीणों की पहुँच आसान होगी।

## खबर संक्षेप



### विधायक ने दिया भीरागांव पंचायत को पानी टैंकर

**भानुप्रतापपुर।** पानी टैंकर कि मांग ग्रामवासियों लंबे समय से मांग करते आ रहे थे। भीरागांव के ग्रामीणों के मांग को देकते हुए विधायक सावित्री मनोज मंडावी ने पानी टैंकर दिया। पानी टैंकर पाकर ग्रामीणों ने खुशी जाहिर किये और विधायक को धन्यवाद दिए अब गांव मे पेय जल की समस्या दूर होंगी। छठी, मरनी, शादी, देवजात्रा, धार्मिक एवं समाजिक कार्यों में पेयजल की समस्या दूर होंगी, जिसका लोकार्पण जनपद अध्यक्ष सुनाराम तेता ने किया। इस अवसर पऱ ग्राम के सरपंच बेबी गावड़े, जनपद सदस्य भुनेश्वर कोरेटी, ब्लॉक कॉंग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष मिंदी सोनवानी, उप सरपंच धर्मेंद्र रावटे, ब्लॉक कॉंग्रेस कमेटी के सचिव रवि साहू व अन्य उपस्थित रहें।

### मृतक के वारिस के लिए सहायता राशि स्वीकृत

**कांकेर।** अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कांकेर द्वारा नरहरपुर तहसील के ग्राम थानाबोड़ी निवासी मृतक धर्मराज विश्वकर्मा के विधिक वारिस रंजीत विश्वकर्मा के लिए 25 हजार रूपए की सहायता राशि स्वीकृत किया गया है। हितग्राही को स्वीकृत सहायता राशि का भुगतान तहसीलदार नरहरपुर के माध्यम से किया जाएगा।

### इलाज के दौरान नाबालिग की मौत

**कांकेर।** चारामा थानांतर्गत ग्राम पुरी के पास सड़क दुर्घटना में घायल बालोद जिला के आमाडूला निवासी 14 वर्षीय मनीष कुमार यादव पिता संतराम यादव का मौत हो गया। धमतरी के निजी अस्पताल से अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया गया कि मृतक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया था। इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया, जहां इलाज के दौरान उसका 16 अप्रैल को मौत हो गया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### सड़क हादसे में युवक की मौत

**कांकेर।** अंतागढ़ थानांतर्गत नवागांव निवासी 20 वर्षीय श्रवण कुमार पटेल पिता तिहारू राम का सड़क दुर्घटना में मौत हो गया। मृतक के परिजन ने पुलिस को बताया कि मृतक अपने मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीडब्लू 8313 में सवार था तभी जेतनवागांव के पास अज्ञात वाहन के चालक ने उन्हे टक्कर मार दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना में आई चोट के कारण 18 मई को उसका मौत हो गया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

## महेंद्रपुर में सोलर पंप खराब

## 10 दिनों से पेयजल संकट

### ग्रामीण हैं परेशान



**दुर्गुकोंदल।** भीषण गर्मी के बीच दुर्गुकोंदल विकासखंड के ग्राम महेंद्रपुर में पेयजल संकट ने ग्रामीणों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। गांव में पिछले 10 दिनों से सोलर पंप खराब पड़ा हुआ है, जिसके कारण पूरे गांव की पेयजल व्यवस्था चरमरा गई है। हालात ऐसे हो गए हैं कि ग्रामीणों को पीने के पानी के लिए घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। गांव की अधिकांश आबादी सोलर पंप से होने वाली जलापूर्ति पर निर्भर थी, लेकिन पंप बंद होने के बाद लोगों को मजबूरी में बोरिंग और हैंडपंप का सहारा लेना पड़ रहा है। वहीं गांव में मौजूद हैंडपंप भी पर्याप्त पानी नहीं दे पा रहा है, जिससे ग्रामीणों की परेशानियां लगातार बढ़ती जा रही हैं। तेज गर्मी और पानी की कमी ने लोगों की दिनचर्या को पूरी तरह प्रभावित कर दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में पीने योग्य पानी का कोई दूसरा स्थायी स्रोत उपलब्ध नहीं है। ऐसे में सोलर पंप खराब होने से पूरा गांव जल संकट की चपेट में आ गया है। पानी भरने के लिए सुबह से ही लोगों की लंबी कतार लग रही है और कई परिवारों को दूर-दूर तक पानी की तलाश में भटकना पड़ रहा है। ग्रामीण रजेसिंह जैन, कलेश जैन, धन्नूलाल जैन एवं ओमप्रकाश ने बताया कि पानी की समस्या के कारण घरेलू कार्यों के साथ-साथ दैनिक जीवन भी प्रभावित हो रहा है। महिलाओं और बच्चों को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि खराब पड़े सोलर पंप की तत्काल मरम्मत कर गांव की पेयजल व्यवस्था बहाल की जाए। उनका कहना है कि यदि जल्द समाधान नहीं किया गया तो आने वाले दिनों में संकट और गहरा सकता है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि समस्या का निराकरण नहीं होने पर वे प्रशासन के खिलाफ आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

### महिला के कब्जे से 4 लीटर कच्ची शराब जब्त



*कांकेर। चारामा पुलिस ने 19 मई कि रात 8 बजें जैसाकर्रा में मुखबिर से मिली जानकारी पर ठाकुरपारा जैसाकर्रा पहुंची, जहां आरोपी जैसाकर्रा निवासी 35 वर्षीय राधिका सिन्हा पति परमानंद सिन्हा के पास से अवैध रूप से हाथ भट्ठी से बना देशी महुआ शराब को जप्त किया। आरोपी के घर आंगन से एक हरा रंग के 5 लीटर वाला प्लास्टिक का डिब्बा में आधा भरा हाथ भट्ठी से बना देशी महुआ शराब 4 लीटर मिली। आरोपी के खिलाफ धारा 34 (1) (क) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।*

# बाइक समेत 31 पौवा देशी मदिरा बरामद और दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर


थाना कांकेर पुलिस ने अवैध शराब की तस्करी और बिक्री के खिलाफ एक बड़ी कामयाबी हासिल की है। मुखबिर की सटीक सूचना पर पंडरीपानी चौक के पास घेराबंदी कर रेड कार्यवाही करते हुए दो आरोपियों को धरदबोचा है। पकड़े गए आरोपियों के पास से भारी मात्रा में अवैध देशी प्लेन शराब और परिवहन में प्रयुक्त मोटर साइकल बरामद की गई है।



पुलिस से मिली जानकारी अनुसार 19 मई की को मुखबिर से सूचना मिली थी कि पंडरीपानी चौक के पास एक लाल-काले रंग की मोटर साइकल पर सवार दो व्यक्ति सफेद-लाल रंग के थैले में अवैध रूप से देशी मदिरा रखकर बिक्री के लिए ग्राहक की तलाश कर रहे हैं। सूचना की तस्दीक और वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर रात 9 बजें पुलिस मौके के लिए रवाना हुए। पुलिस को आते देख शराब खरीदने आए अन्य लोग मौके से भागने में सफल रहे, लेकिन पुलिस टीम ने सतर्कता दिखाते हुए घेराबंदी कर मौके पर मौजूद दोनों संदेहियों को पकड़ लिया। मौके से बाबू साल्हेटोला निवासी 32 वर्षीय जागेश्वर शोरी और थाना नहरपुर क्षेत्र के डूमरपानी निवासी 43 वर्षीय गणेश राम मंडावी को पकड़ा गया। तलाशी के दौरान आरोपी जागेश्वर शोरी के पास थैले से 31 नग सीलबंद देशी मदिरा प्लेन के पौवे बरामद हुए, जिनकी कुल मात्रा 5.580 लीटर आंकी गई है। इसके साथ ही आरोपी के पास से शराब बिक्री की नगद रकम 200 रुपएं भी जब्त की गई। वहीं दूसरे आरोपी गणेश राम मंडावी के कब्जे से परिवहन में इस्तेमाल की जा रही बिना वैध दस्तावेजों वाली वाहन क्रमांक सीजी 05 एडी 0329 को जब्त किया गया। कुल जब्त मदिरा और नगदी की कीमत 2 हजार 680 रुपएं बताई जा रही है। दोनो आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34 (2) के तहत अपराध दर्ज विवेचना में लिया गया।

## छात्रवृत्ति के लिए आवेदन आमंत्रित

**कांकेर।** प्रधानमंत्री छात्रवृत्ति योजना और रक्षामंत्री विवेकाधीन निधि योजनांतर्गत भूतपूर्व सैनिकों और विधवाओं के बच्चों से आवेदन आमंत्रित किया गया है। आवेदन के माध्यम से ऑनलाइन की जा सकती है।



रक्षामंत्री विवेकाधीन निधि आरएमडीएफ छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत भूतपूर्व सैनिकों एवं विधवाओं के वे बच्चे, जिन्होंने वर्ष 2025-26 में कक्षा पहली से 12वीं अथवा स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण की है, वे छात्रवृत्ति के लिए आवेदन कर सकते हैं। प्रधानमंत्री छात्रवृत्ति योजना के लिए तकनीकी एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में प्रथम वर्ष में प्रवेश लेने वाले भूतपूर्व सैनिकों एवं विधवाओं के बच्चों को लाभ दिया जाएगा।

# चारभाठा में घर में घुसकर डंडे से हमला व परिजनों से अभद्रता, इलाके में तनाव

- *आरोपी सरोज नायक पर मामला दर्ज*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

चारामा थाना क्षेत्र के सड़क पारा चारभाठा में पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित अमजद खान ने आरोपी पर घर पहुंचकर हमला करने और परिवार के साथ अभद्रता करने का आरोप लगाते हुए पुलिस से कड़ी कार्रवाई की मांग की है। घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल बना हुआ है।



जानकारी के अनुसार सड़कपारा चारभाठा निवासी 45 वर्षीय अमजद खान पिता स्व. रफीक खान ने थाना चारामा में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि 19 मई की शाम करीब 7 बजे वे अपने घर में प्लास्टर का कार्य करा रहे थे। इसी दौरान गांव का ही रहने वाला सरोज नायक पिता बंशीलाल नायक वहां पहुंचा और पुरानी रंजिश को लेकर विवाद करने लगा। शिकायत के मुताबिक आरोपी ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। विवाद बढ़ने पर सरोज नायक ने बांस के चिरफानी डंडानुमा वस्तु से अमजद खान के सीने और बाएं हाथ पर हमला कर दिया, जिससे उन्हें चोटें आईं। बीच-बचाव करने पहुंची उनकी पत्नी रूखसाना बेगम के साथ भी आरोपी ने अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए गाली-गलौज की। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि आरोपी पूर्व में भी उन्हें परेशान करता रहा है, जिससे परिवार में भय का माहौल बना हुआ है। उन्होंने भविष्य में किसी बड़ी अप्रिय घटना की आशंका जताते हुए सुरक्षा और आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। मामले को गंभीरता से लेते हुए चारामा पुलिस ने आरोपी सरोज नायक के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 115 (2), 296 और 351 (2) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

## कुरीतियों पर अंकुश, दी हिदायत, बाल विवाह कानूनन अपराध

# प्रशासन की तत्परता से दो नाबालिगों की शादी रुकी

- *महिला एवं बाल विकास विभाग और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई*
- *नाबालिग का विवाह रुकवाकर प्रशासन ने दिया संदेश*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति पर अंकुश लगाने के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग तथा पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने तत्परता दिखाते हुए भानुप्रतापपुर क्षेत्र में होने वाले दो बाल विवाह समय रहते रुकवा दिए। प्रशासन की इस सक्रिय कार्रवाई से न केवल एक नाबालिग बालिका का भविष्य सुरक्षित हुआ, बल्कि समाज को भी एक मजबूत संदेश मिला कि बाल विवाह कानूनन अपराध है और इसे किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



भानुप्रतापपुर विकासखंड की ग्राम पंचायत डोंगरकट्टा के व्यापारीपारा में 19 मई को एक नाबालिग बालिका की सगाई की रस्म शुरू होने वाली थी। बालिका का विवाह जिला बालोद के ग्राम तुमड़ीसुर निवासी युवक के साथ तय किया गया था। जानकारी मिलते ही महिला एवं बाल विकास विभाग, तथा पुलिस विभाग की संयुक्त टीम तत्काल मौके पर पहुंची और विवाह की प्रक्रिया को रुकवाने की कार्रवाई शुरू की। संयुक्त टीम में परियोजना अधिकारी भानुप्रतापपुर, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 के परामर्शदाता एवं केसवर्कर सहित भानुप्रतापपुर पुलिस विभाग के अधिकारी शामिल रहे। टीम ने मौके पर पहुंचकर बालिका के आयु संबंधी दस्तावेजों की जांच किया। जांच में दसवीं की अंकसूची, आधार कार्ड सहित अन्य दस्तावेजों के आधार पर बालिका की उम्र 17 वर्ष 7 माह पाई गई, जबकि युवक की आयु 19 वर्ष थी। यह स्थिति बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम-2006 के प्रावधानों के विरुद्ध पाई गई। जांच और सत्यापन के बाद अधिकारियों ने बालिका के परिजनों, ग्रामवासियों और उपस्थित जनप्रतिनिधियों को बाल विवाह के दुष्परिणामों एवं कानूनी पहलुओं की विस्तार से जानकारी दी। ▶▶| शेष पेज 12 पर




# 308 करोड़ की लागत से बन रहे 11.38 किमी लंबे फोरलेन बायपास का सचिव ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ केशकाल

लोक निर्माण विभाग के सचिव मुकेश कुमार बंसल ने रायपुर-जगदलपुर मार्ग पर बहुप्रतीक्षित केशकाल घाट फोरलेन बायपास रुट का निरीक्षण किया। उन्होंने विभागीय अधिकारियों और निर्माण एजेंसी के साथ बायपास के दोनों छोरों का निरीक्षण किया। उन्होंने बायपास का काम तत्काल प्रारंभ करने को कहा। लोक निर्माण विभाग के प्रमुख अभियंता वी.के. भतपहरी भी इस दौरान मौजूद थे। श्री बंसल ने बायपास के रास्ते में शेष बचे पेड़ों की कटाई तत्परता से करने के निर्देश वन मंडलाधिकारी को दिए हैं।



तत्काल काम शुरू करने के दिए निर्देश

उन्होंने बायपास से संबंधित मुआवजा प्रकरणों की जानकारी लेकर लंबित मामलों का निराकरण यथाशीघ्र करने को कहा। उन्होंने कहा कि बस्तर और छत्तीसगढ़ के लिए यह बायपास अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसका तेजी से निर्माण कर आवाजाही शुरू करना सरकार की प्राथमिकता में है।

### 2 वृहद और 2 मध्यम पुल भी बनेंगे

लोक निर्माण विभाग द्वारा 308 करोड़ रुपए की लागत से 11.38 किमी लंबे केशकाल घाट बायपास का निर्माण किया जा रहा है। इस बायपास में दो वृहद और दो मध्यम पुल भी बनाए जाएंगे।

## आयोजन : उपमुख्यमंत्री, वन मंत्री व अन्य ने नवदंपती को दिया आशीर्वाद

# 58 जोड़ों का वैदिक रीति-रिवाज एवं पारंपरिक विधि-विधान से हुआ विवाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ केशकाल

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत प्रियदर्शनी मैदान सुरडोंगर में सामूहिक कन्या विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कुल 58 जोड़ों का विवाह पूरे वैदिक रीति-रिवाज एवं पारंपरिक विधि-विधान के साथ संपन्न कराया गया। विवाह समारोह में क्षेत्रभर से बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति रही। तथा पूरे आयोजन में उत्साह और उल्लास का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री, वन मंत्री एवं सहित कई जनप्रतिनिधि शामिल हुए। अतिथियों ने नवविवाहित वर-वधुओं को आशीर्वाद देते हुए उनके सुखमय दांपत्य जीवन की कामना की। इस अवसर पर अतिथियों ने कहा कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना जरूरतमंद परिवारों के लिए महत्वपूर्ण पहल है। इस योजना से आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को राहत मिलती है तथा सामाजिक समरसता को भी बढ़ावा मिलता है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा एवं सशक्तिकरण के लिए लगातार कार्य कर रही है। प्रियदर्शनी मैदान में आकर्षक विवाह मंडप सजाया गया था। वैदिक मंत्रोच्चार और पारंपरिक रस्मों के बीच सभी जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया। कार्यक्रम के दौरान नवदंपत्तियों को विवाह सामग्री एवं उपहार भी प्रदान किए गए।

■ मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना



### ये रहे उपस्थित

समारोह में बड़ी संख्या में वर-वधु पक्ष के परिजन, ग्रामीणजन, अधिकारी-कर्मचारी एवं आम नागरिक उपस्थित रहे। आयोजन को सफल बनाने में महिला एवं बाल विकास विभाग, स्थानीय प्रशासन तथा कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## विधायक उसेंडी ने 4.69 करोड़ के विकास कार्यों का किया भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं स्थानीय विधायक लता उसेंडी ने मंडी परिसर में 4 करोड़ 69 लाख 77 हजार रुपए लागत के 17 विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। इनमें मिनी स्टेडियम निर्माण कार्य प्रमुख रूप से शामिल है। कार्यक्रम में कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना, नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल, उपाध्यक्ष जसकेतु उसेंडी सहित कई जनप्रतिनिधि एवं नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक लता उसेंडी ने कहा कि मिनी स्टेडियम निर्माण से खिलाड़ियों को आधुनिक सुविधाएं मिलेंगी और खेल गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने नागरिकों से निर्माण कार्यों को सुरक्षित और स्वच्छ बनाए रखने की अपील की। विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के संकल्प से बस्तर माओवाद मुक्त हुआ है और अब क्षेत्र में तेजी से विकास कार्य हो रहे हैं।

### मिनी स्टेडियम पर खर्च होंगे 195 लाख रुपए

भूमिपूजन किए गए कार्यों में 195.55 लाख रुपए की लागत से मिनी स्टेडियम निर्माण कार्य प्रमुख है। इसके अलावा गार्डन निर्माण, सीसी रोड, सड़क चौड़ीकरण, नाली निर्माण, सांस्कृतिक भवन और प्रयोगशाला कक्ष निर्माण जैसे कई कार्य शामिल हैं। नगर के विभिन्न वार्डों में डोम शेड निर्माण कार्य भी स्वीकृत किए गए हैं। इन कार्यों से सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल एवं पीएमश्री स्कूल में प्रयोगशाला कक्षों का निर्माण कराया जाएगा।

## खबर संक्षेप



### जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर, 66 आवेदन मिले

**फरसगांव।** नगर के वार्ड क्रमांक 03 स्थित सामुदायिक भवन में बुधवार को जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नगर पंचायत के सभी वार्डों से पहुंचे नागरिकों ने अपनी मांगों एवं समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। शिविर की शुरुआत में फरसगांव एसडीएम अश्वन कुमार पुसाम ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली। इस दौरान हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड एवं श्रम कार्ड वितरित कर शासन की योजनाओं से जोड़ा गया। शिविर में कुल 66 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें 28 आवेदन नगर पंचायत एवं 38 अन्य विभागों से संबंधित रहे। कार्यक्रम में नायब तहसीलदार सुश्री निधि नेताम, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रशांत पात्र, उपाध्यक्ष मूलचंद पांडे, सीएमओ मयंक बसंतवानी, सुशासन नोडल अधिकारी गौरव साव, सहायक नोडल अधिकारी ज्ञानेंद्र कुर्रे, पार्षद रीता गौतम, नरेंद्र गौर, संगीता राव, विनोद पांडे, पूर्व अध्यक्ष गणेश दुग्गा सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे ।

### सुरडोंगर विद्यालय में नवीन भवन निर्माण का भूमिपूजन



**केशकाल।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक सुरडोंगर मे नवीन माध्यमिक शाला भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन बुधवार को किया। विधायक नीलकंठ टेकाम, नगर पंचायत अध्यक्ष बिहारी लाल शोरी एवं शाला विकास समिति के अध्यक्ष कमला नेताम व पार्षदगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए नीलकंठ टेकाम ने कहा की हमारी सरकार शिक्षा के प्रति प्रतिबद्ध है जिसके लिये शाला मे विकास कार्य किया जा रहा जिसके तहत आज सुरडोगर विद्यालय मे नवीन भवन का निर्माण किया जा रहा है, आभार प्रदर्शन शाला प्राचार्य नाविक सर ने किया।

### बस्तर मुन्ने एवं सुशासन तिहार के तहत आज लगेंगे शिविर

**कोण्डागांव।** शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से बस्तर मुन्ने एवं सुशासन तिहार कार्यक्रम के तहत जिले के विभिन्न गांवों में 21 मई को कलस्टर स्तरीय शिविर आयोजित किए जाएंगे। ग्रामीण क्षेत्रों के साथ–साथ नगर पंचायत में भी सुशासन शिविर का आयोजन किया जाएगा, जहां नागरिकों की समस्याओं एवं मांगों का निराकरण किया जाएगा। जनपद पंचायत बड़ेराजपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत पिटेचुंवा में आयोजित शिविर में खलारी, कोसमी, गोविंदपुर, हात्मा, बस्तरबुडरा, पिटेचुंवा और सरगीपाल के ग्रामीण शामिल होंगे।

## झाटीबन सुशासन शिविर में योजनाओं का दिया लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरसगांव

विकासखंड फरसगांव के ग्राम झाटीबन में बस्तर मुन्ने नियाद नेल्लानार 2.0 सुशासन तिहार अंतर्गत क्लस्टर स्तरीय शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जनप्रतिनिधियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। शिविर में स्वास्थ्य, राजस्व, महिला एवं बाल विकास, कृषि, पंचायत एवं अन्य विभागों ने ग्रामीणों को शासन की योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान आयुष्मान कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, खसरा बी-1, किसान किताब, सुपोषण किट, गोदभराई, अन्नप्राशन एवं पौधों का वितरण किया गया। शिविर में कुल 149 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें 148 मांग और 1 समस्या संबंधी आवेदन शामिल रहा। अधिकारियों ने आवेदनों के त्वरित निराकरण का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।



## केशकाल में रहा दवा व्यापार पूरी तरह बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ केशकाल




नगर में बुधवार 20 मई को दवा व्यापार पूरी तरह बंद रहा। जिला दवा विक्रेता संघ के निर्देश के अनुसार नगर के दवा विक्रेताओं ने अपने प्रतिष्ठान बंद रखे। संघ का कहना है कि देशभर के लाखों केमिस्ट एवं दवा विक्रेता लंबे समय से कई गंभीर समस्याओं का सामना कर रहे हैं। इसके बावजूद अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकला है। इसी के विरोध में अखिल भारतीय संगठन एआईसीडी के आवाहन पर बुधवार को एक दिवसीय राष्ट्रव्यापी दवा व्यापार बंद किया गया। इस अवसर पर भरत मालू, कमलेश जैन, विकास कटारिया ने बताया कि हमारी प्रमुख मांगों में अवैध ई फार्मेसी पर पूर्ण प्रतिबंध हो, ऑनलाइन दवा बिक्री से जुड़े नियमों में बदलाव और बड़े कॉर्पोरेट द्वारा भारी छूट देकर किया जा रहे प्रिडेटरी प्राइसिंग पर रोक शामिल है।

## शहर और पर्यटन स्थलों के विकास के लिए जल्द ही बड़ी सौगातः साव

**केशकाल।** उपमुख्यमंत्री अरुण साव आज केशकाल क्षेत्र के दौरे पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने सर्वप्रथम तेलिन सती माता मंदिर पहुंचकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। इसके बाद वे साहू समाज द्वारा आयोजित तेलिन सती महोत्सव में शामिल हुए। डिप्टी सीएम ने केशकाल शहर के चौड़ीकरण और पर्यटन स्थलों के विकास हेतु जल्द ही बड़ी सौगात देने की बात कही है। मीडिया से चर्चा करते हुए उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि सामूहिक विवाह जैसे आयोजन सामाजिक समरसता और आपसी सहयोग की भावना को मजबूत करते हैं। प्रदेश सरकार समाज के हर वर्ग के विकास और सामाजिक परंपराओं के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने ऐसे आयोजनों को समाज को एकजुट करने वाला बताते हुए कहा कि हमारी संस्कृति और परंपराएं ही समाज की असली पहचान हैं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में साहू समाज के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। इस दौरान मुख्य रूप से वन मंत्री केदार कश्यप, सांसद भोजराज नाग, सांसद महेश कश्यप, विधायक नीलकंठ टेकाम, विधायक आशाराम नेताम, विधायक संदीप साहू, साहू समाज के प्रदेश अध्यक्ष नीरेंद्र साहू, कलेक्टर नुपुर राशि पन्ना, एसपी पंकज चंद्रा सहित समाज के अन्य पदाधिकारी व बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे।



## केंद्रीय टीम ने जुगानीकलार में किया जल जीवन के काम का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ फरसगांव

अतिरिक्त सचिव भारत सरकार एवं जल जीवन मिशन के मिशन संचालक कमल किशोर सोन ने कोंडागांव जिले के भ्रमण के दौरान विकासखंड फरसगांव के ग्राम जुगानीकलार पहुंचकर जल जीवन मिशन अंतर्गत संचालित एकल ग्राम पेयजल योजना का निरीक्षण किया। इस दौरान एरिया अधिकारी उमेश भारद्वाज सहित लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान योजना के संचालन, जल वितरण प्रणाली एवं पानी की गुणवत्ता जांच प्रक्रिया का अवलोकन किया गया। अधिकारियों ने जलापूर्ति व्यवस्था की जानकारी लेते हुए ग्रामीणों से भी चर्चा की। कार्यपालन अभियंता वीरेंद्र पांडे ने बताया कि ग्राम जुगानीकलार में 215.03 लाख रुपए की लागत से योजना स्वीकृत की गई है। योजना के तहत 65 किलोलीटर क्षमता की आरसीसी ऊंची पानी टंकी एवं सौर टंकी के माध्यम से 409 घरों में नियमित पेयजल आपूर्ति की जा रही है। ग्राम पंचायत जुगानीकलार की सरपंच संगीता नेताम ने बताया कि योजना शुरू होने के बाद ग्रामीणों को हैंडपंप पर निर्भर नहीं रहना पड़ रहा है और घर-घर स्वच्छ पेयजल मिलने से काफी राहत मिली है। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने वर्षा ऋतु के पूर्व एवं पश्चात अधिक से अधिक जल परीक्षण कराने, वर्ष में दो बार पानी टंकियों की नियमित सफाई करने तथा ग्रामीणों तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाने को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। साथ ही जल संरक्षण एवं भू-जल संवर्धन पर विशेष ध्यान देने और गांव स्तर पर लोगों की सहभागिता बढ़ाने पर जोर दिया गया।

### लोगों को किया जागरूक

इसके अलावा स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अंतर्गत निर्मित शौचालयों के उपयोग एवं घरों से निकलने वाले अपशिष्ट जल के उचित निपटान के

## 27 दिनों की सतत देखभाल और इलाज से मिला नया जीवन

# जिला अस्पताल के एसएनसीयू ने बचाई नवजात की जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

जिला अस्पताल के विशेष नवजात शिशु देखभाल इकाई एसएनसीयू में एक गंभीर रूप से बीमार नवजात शिशु को नया जीवन मिला है। लगातार 27 दिनों तक चली गहन चिकित्सा, आधुनिक उपचार और स्वास्थ्य टीम की सतत निगरानी से शिशु पूरी तरह स्वस्थ होकर अपने घर लौट सका। यह सफलता जिला अस्पताल में उपलब्ध बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं और चिकित्सकों की समर्पित सेवा का उदाहरण बनकर सामने आई है। जिला कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना के मार्गदर्शन में जिला अस्पताल कोण्डागांव में नवजात शिशुओं के उपचार और देखभाल की व्यवस्थाओं को लगातार सुदृढ़ किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर. के. चतुर्वेदी तथा सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. प्रेमलाल मंडावी द्वारा एस.एन.सी.यू. में आवश्यक दवाइयों, उपकरणों और विशेषज्ञ स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। 18 अप्रैल 2026 को विकासखंड फरसगांव निवासी पूर्णिमा साहू और दीपक साहू के पुत्र का जन्म एक निजी अस्पताल में हुआ। जन्म के समय शिशु का वजन मात्र 2 किलोग्राम था। परिवार पहले से ही मानसिक तनाव में था, क्योंकि दंपत्ति के पहले बच्चे की नवजात अवस्था में ही मृत्यु हो चुकी थी। दूसरे बच्चे की हालत भी गंभीर होने पर उसे तत्काल जिला अस्पताल कोण्डागांव रेफर किया गया। जिला अस्पताल में शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. रूद्र कश्यप और डॉ. राजेश बघेल ने जांच के दौरान पाया कि नवजात कई गंभीर समस्याओं से जूझ रहा था। शिशु को परिनैटल एस्फिक्सिया, हाइपोथर्मिया, रेस्पिरेटरी डिस्ट्रेस, शॉक, सेंट्रल सायनोसिस, एपनिया और गैसपिंग जैसी गंभीर स्थितियां थीं। सबसे चिंताजनक बात यह थी कि उसका ऑक्सीजन स्तर केवल 60 प्रतिशत रह गया था। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए एस.एन.सी.यू. टीम ने तत्काल गहन उपचार शुरू किया।

■ गंभीर हालत में भर्ती शिशु को डॉक्टरों और स्वास्थ्य टीम ने दी नई उम्मीद



### परिवार ने डॉक्टरों और स्वास्थ्य टीम का जताया आभार

शिशु के स्वस्थ होने पर परिवार ने जिला अस्पताल की स्वास्थ्य टीम, चिकित्सकों और प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। परिवार का कहना है कि समय पर मिले उपचार और डॉक्टरों की मेहनत से उनके बच्चे को नया जीवन मिला है। यह सफलता जिला अस्पताल कोण्डागांव में उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और समर्पित चिकित्सा व्यवस्था का प्रेरणादायक उदाहरण बन गई है।

### 15 दिन वेंटिलेटर पर रहा मासूम

उपचार के दौरान शिशु को लगातार 15 दिनों तक वेंटिलेटर सपोर्ट पर रखा गया। इसके अलावा 2 दिनों तक सीपीएपी सपोर्ट और 4 दिनों तक ऑक्सीजन सपोर्ट दिया गया। डॉक्टरों की टीम ने आवश्यक दवाइयों, एंटीबायोटिक्स और निरंतर निगरानी के माध्यम से इलाज जारी रखा।

### कंगारू मदर केयर बनी जीवनदायिनी

शिशु की स्थिति स्थिर होने के बाद विशेषज्ञों ने "कंगारू मदर केयर" अपनाने की सलाह दी। इस पद्धति से शिशु को मां के शरीर के संपर्क में रखकर देखभाल की जाती है, जिससे शरीर का तापमान नियंत्रित रहता है और भावनात्मक जुड़ाव भी मजबूत होता है। इस देखभाल से शिशु के स्वास्थ्य में तेजी से सुधार हुआ। संक्रमण का खतरा कम हुआ और वजन बढ़ने लगा। लगातार 27 दिनों तक चली विशेष चिकित्सा और देखभाल के बाद शिशु की हालत में उल्लेखनीय सुधार हुआ। 14 मई को नवजात को स्वस्थ अवस्था में अस्पताल से डिस्चार्ज किया गया। डिस्चार्ज के समय उसका वजन 1.770 किलोग्राम दर्ज किया गया।

## अनियंत्रित बाइक की ठोकर से युवक गंभीर घायल, धमतरी में इलाज जारी

**कांकेर।** थाना पखांजुर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बारदा के पास तेज रफ्तार और लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने का एक गंभीर मामला सामने आया है, जहां सड़क हादसे में एक युवक बुरी तरह घायल हो गया। दुर्घटना इतनी भयावह थी कि युवक के सिर, नाक, जबड़े, पैर और कमर में गंभीर चोटें आई हैं तथा उसका इलाज अब भी जारी है। पुलिस ने आरोपी बाइक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार ग्राम पीव्ही 42 विद्यानगर निवासी सुजीत बिश्वास ने थाना पखांजुर में लिखित शिकायत दर्ज कराई है कि उनका पुत्र आकाश बिश्वास 5 मई की रात अपनी स्कूटी क्रमांक सीजी 19 बीटी 2106 से ग्राम पीव्ही 63 स्थित क्रिकेट मैदान की ओर जा रहा था। रात लगभग साढ़े 8 से 9 बजे के बीच जब वह ग्राम बारदा बस स्टैंड के पास पहुंचा, तभी सामने से तेज रफ्तार में आ रही एक मोटरसाइकल के चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए उसकी स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि आकाश सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद स्थानीय लोगों और परिजनों की मदद से उसे तत्काल पखांजुर सिविल अस्पताल पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे धमतरी रेफर कर दिया। इसके बाद परिजनों ने उसे धमतरी स्थित एकता अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका इलाज जारी है। परिजनों के अनुसार युवक के सिर, नाक, जबड़े, पैर और कमर में गंभीर चोटें आई हैं। कुछ स्वास्थ्य सुधार होने पर 14 मई को उसे घर लाया गया, लेकिन चिकित्सकों ने आगामी 24 मई को पुनः सर्जरी के लिए अस्पताल बुलाया है।




पेज 11 का शेष

### प्रशासन की तत्परता से...

टीम ने बताया कि कम उम्र में विवाह होने से बालिकाओं के स्वास्थ्य, शिक्षा और भविष्य पर गंभीर प्रभाव पड़ता है। साथ ही यह कानूनन दंडनीय अपराध भी है। अधिकारियों की समझाइश के बाद परिजनों ने विवाह रोकने के लिए लिखित सहमति दी, जिसके बाद कार्यक्रम को स्थगित कर दिया गया। इसी प्रकार जिला बालोद के ग्राम पंचायत तुमड़ीसुर में भी नाबालिग युवक का विवाह कराए जाने की सूचना मिलने पर संयुक्त टीम ने तत्परता दिखाते हुए वर पक्ष के घर पहुंचकर कार्रवाई की और वहां भी बाल विवाह रुकवाया। अधिकारियों ने आमजन से अपील की है कि बाल विवाह जैसी कुप्रथा की जानकारी तत्काल प्रशासन या चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 को दें, ताकि समय रहते बच्चों के अधिकारों और भविष्य की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

# लाल आतंक के खात्मे के बाद 4 दशक में पहली बार दारेली पहुंचा प्रशासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर





जिले में माओवाद की वजह से 4 दशक तक यहां न कोई प्रशासनिक अमला और पूर्व में न हीं जनगणना का कार्य हो पाया था। 2011 में यहां पर माओवाद की काली साये की वजह से जनगणना का कार्य से अछुता रहा। लेकिन 4 दशक के बाद नक्सल प्रभाव और भय के साये में जीने वाला दारेली गांव अब बदलाव की नई कहानी लिख रहा है।

ग्रामीणों के लिए यह केवल एक सरकारी प्रक्रिया नहीं, बल्कि मुख्यधारा से जुड़ने की नई शुरुआत साबित हुई। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में शासन की योजनाएं अब उन गांवों तक पहुंच रही हैं, जहां कभी लाल आतंक के कारण विकास की कल्पना भी मुश्किल थी। इसी कड़ी में कलेक्टर विश्वदीप और जिला पंचायत सीईओ नम्रता चौबे, जनगणना प्रभारी अधिकारी मुकेश देवांगन, उसूर एसडीएम भूपेन्द्र गावरे ने दारेली गांव का दौरा कर ग्रामीणों से आत्मीय मुलाकात की और उनकी समस्याएं सुनीं। गांव पहुंचते ही प्रशासनिक अधिकारियों का ग्रामीणों ने आत्मीय स्वागत किया। वर्षों से अपनी बात शासन तक नहीं पहुंचा पाने वाले ग्रामीणों ने पहली बार महसूस किया कि सरकार उनके द्वार तक आई है। इस दौरान गांव में जनगणना का कार्य भी कराया गया, जो दारेली के इतिहास में पहली बार हुआ। ग्रामीणों ने इसे गांव के लिए सुखद पल बताया।

कलेक्टर विश्वदीप ने ग्रामीणों से चर्चा कर जमीन के पट्टा, आधार कार्ड, बैंक खाते, राशन कार्ड सहित अन्य आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी ली। कई लोगों के दस्तावेज अधूरे पाए जाने पर उन्होंने अधिकारियों को गांव में विशेष शिविर लगाकर सभी का शत-प्रतिशत सैचुरेशन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

दौरे के दौरान एक भावुक क्षण तब सामने आया, जब एक किसान ने बताया कि पिता के निधन के बाद भी उसकी जमीन का नामांतरण अब तक नहीं हो पाया है। किसान की पीड़ा सुन कलेक्टर विश्वदीप ने तत्काल अधिकारियों को नामांतरण की प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए और इसकी जानकारी स्वयं लेने की बात कही। प्रशासन की संवेदनशीलता देखकर किसान भावुक हो उठा और उसने हाथ जोड़कर कलेक्टर को धन्यवाद दिया। कलेक्टर श्री विश्वदीप ने ग्रामीणों को प्रधानमंत्री आवास योजना सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी और अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचे। साथ ही ग्राम पंचायत दारेली के सभी बच्चों को छात्रवृत्ति दिलाने के निर्देश भी दिए गए। एक समय भय और उपेक्षा का प्रतीक रहा दारेली गांव अब विकास, विश्वास और नई उम्मीद की राह पर आगे बढ़ रहा है। प्रशासन की यह पहल ग्रामीणों के दिलों में भरोसे की नई रोशनी जगा रही है।

## खबर संक्षेप

### मृतकों के परिजनों को 12 लाख की मिलेगी सहायता

**बीजापुर।** कलेक्टर विश्वदीप द्वारा छत्तीसगढ़ शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के प्रावधानों के तहत राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के अंतर्गत प्राकृतिक आपदाओं से मृतकों के परिजनों को 12 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। जिसके अंतर्गत नदी-नाले के पानी में डुबने से मृत्यु के पश्चात मृतक रोजा अवलम के निकटतम वारिस उनके पिता सोना अवलम, मृतिका मैनो कुहरामी के निकटतम वारिस उनके पिता बलीराम कुहरामी एवं मृतक रमेश गोरला के निकटतम वारिस उनकी पत्नी शशिकला गोरला सहित प्रत्येक मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख रूपये कुल 12 लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। स्वीकृत राशि का भुगतान संबंधित हितग्राहियों के बैंक खाते में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से किए जाने के निर्देश संबंधित तहसीलदार को दिए गए है।

### गंभीर कुपोषण से सामान्य श्रेणी तक पहुंची नन्ही शान्वी



**बीजापुर।** भोपालपटनम के सेक्टर संड्रा अंतर्गत ग्राम पीलूर की एक वर्षीय बालिका शान्वी मड़े ने गंभीर कुपोषण से उबरकर सामान्य श्रेणी में स्थान प्राप्त किया है। शान्वी की माता सरिता मड़े ने बताया कि बच्ची का स्वास्थ्य कमजोर था तथा उसका वजन आयु के अनुसार काफी कम था। प्रारंभिक जांच में शान्वी गंभीर कुपोषण की श्रेणी में पाई गई। जिनका प्रारंभिक वजन 7.900 किलोग्राम था जो कि वर्तमान में वजन 9.200 किलोग्राम और ऊँचाई 70.2 सेंटीमीटर आयु 1 वर्ष है। परिवार की सहमति मिलने पर शान्वी को 2 अप्रैल को एनआरसी में भर्ती कराया गया, जहाँ उसे चिकित्सकीय देखरेख के साथ विशेष पोषण आहार एवं समुचित उपचार उपलब्ध कराया गया। आज शान्वी गंभीर कुपोषण से पूरी तरह उबरकर सामान्य श्रेणी में पहुँच चुकी है।

### स्वास्थ्य केंद्र की सेवाओं में सुधार पर जोर

**दंतेवाड़ा।** कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशानुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय रामटेके ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गीदम एवं 50 बिस्तरीय मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य अस्पताल की समीक्षा बैठक लेकर स्वास्थ्य सेवाओं के बेहतर संचालन एवं गुणवत्ता सुधार को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में डॉ रामटेके ने अस्पताल की ओपीडी सेवाओं का नियमित एवं व्यवस्थित संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य समय-सीमा में कराने के निर्देश

# निर्माण कार्यों में अनावश्यक देरी स्वीकार नहीं : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर



कलेक्टर विश्वदीप ने अधिकारियों को संवेदनशीलता के साथ कार्य करते हुए जिले के विकास में शत-प्रतिशत योगदान देने की समझाइश दी। बुधवार को आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा बैठक में उन्होंने कहा कि टीएल में प्राप्त किसी भी प्रकरण का निराकरण 15 दिवस के भीतर सुनिश्चित किया जाए। यदि किसी प्रकरण के

■ आवेदनों के त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निराकरण के दिए निर्देश

समाधान में व्यवहारिक कठिनाई हो तो तत्काल अवगत कराया जाए।

कलेक्टर ने सभी विभागीय अधिकारियों को अपने विभाग से संबंधित अद्यतन जानकारी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बस्तर मुन्ने कार्यक्रम अत्यंत महत्वपूर्ण अभियान है, जिसे सभी विभागों के समन्वय एवं तालमेल से शत-प्रतिशत सैचुरेशन तक पहुंचाया जाए। किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में निर्माण एजेंसियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा गया कि बारिश से पहले पूर्ण होने वाले सभी निर्माण कार्य पुल-पुलिया, रपटा, स्कूल, आंगनबाड़ी, राशन दुकान सहित अन्य भवनों का निर्माण तेजी और गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराया जाए। पीएमजीएसवाय, पीडब्ल्यूडी तथा अन्य निर्माण एजेंसियों को निर्देशित किया गया कि जो कार्य अभी तक प्रारंभ नहीं हुए हैं, उन्हें तत्काल शुरू कर समय-सीमा में पूर्ण करें। कलेक्टर ने कहा कि वर्तमान में जिले में ऐसी कोई जगह नहीं है जहां पहुंचना कठिन हो, इसलिए निर्माण कार्यों में अनावश्यक देरी स्वीकार नहीं की जाएगी। पंचायत सचिवों के साथ बैठक कर आवश्यक कार्ययोजना बनाने के निर्देश भी दिए गए। पीएमजीएसवाय सड़कों के निरीक्षण के दौरान कुछ स्थानों पर गुणवत्ता में कमी पाए जाने पर कलेक्टर ने नाराजगी जताई और पीडब्ल्यूडी व पीएमजीएसवाय अधिकारियों को सड़क निर्माण में गुणवत्ता से समझौता करने वाले ठेकेदारों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

बेलनार, बैल पुजारी कांकेर सहित विभिन्न क्षेत्रों में चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए बारिश पूर्व पुल-पुलिया एवं रपटा निर्माण पूर्ण कराने पर जोर दिया गया। समस्त एसडीएम को निर्देशित किया गया कि बरसात के दौरान जिन गांवों में पहुंचना कठिन हो जाता है, वहां की चिन्हित राशन दुकानों में पर्याप्त मात्रा में राशन सामग्री चावल, नमक, शक्कर, गुड़ एवं चना का अग्रिम भंडारण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही उपार्जन केंद्रों में रखे धान का मिलरों के माध्यम से शीघ्र उठाव कराने के निर्देश दिए गए।

खाद-बीज की उपलब्धता, भंडारण एवं वितरण की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। विद्युत वितरण कंपनी को भी वर्षा पूर्व शेष गांवों में विद्युतीकरण कार्य स्पष्ट कार्ययोजना के साथ पूर्ण करने को कहा गया। एग्रीस्टेक के तहत 5 जून तक शत-प्रतिशत किसानों का पंजीयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। एक करोड़ रुपये से अधिक लागत वाले निर्माण कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए है।

# एनएमडीसी डीएवी पॉलिटेक्निक में नवागत विद्यार्थियों का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम





एनएमडीसी डीएवी पॉलिटेक्निक दंतेवाड़ा में नवागत छात्रों के स्वागत फ्रेशर्स डे और अंतिम वर्ष के छात्रों के लिए विदाई समारोह फेयरवेल का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम ऑडिटोरियम जावांगा में बेहद उत्साह, उमंग और हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ, जहाँ जूनियर्स ने अपने सीनियर्स को विदाई दी और नए साथियों का गर्मजोशी से स्वागत किया। दीप प्रज्वलन और राज्य गीत से कार्यक्रम की शुरुआत हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के प्राचार्य द्वारा मां सरस्वती के तैलचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन और छत्तीसगढ़ राज्य गीत अरपा पैरी के धार के सस्वर गान के साथ गरिमामय माहौल में हुआ।

■ सीनियर्स को दी गई भावभीनी विदाई

इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि और संस्थान के पूर्व छात्र इमरान आलम उपस्थित रहे। उन्होंने एनएमडीसी लिमिटेड में नौकरी पाने के अपने सफर को छात्रों के साथ साझा किया। उन्होंने छात्रों को मार्गदर्शन देते हुए बताया कि कैसे इस संस्थान से पास आउट होने के बाद कड़ी मेहनत और सही दिशा में प्रयास करके सफलता हासिल की जा सकती है। उनकी इस प्रेरक कहानी ने विद्यार्थियों में नया जोश भर दिया। संस्थान के प्राचार्य डॉ. मुकेश ठाकुर ने छात्रों को शुभकामनाएं और आशीर्वाद दिया। उन्होंने संबोधन में कॉलेज की प्रगति रिपोर्ट पेश की और छात्रों की विभिन्न उपलब्धियों पर गर्व व्यक्त किया। डॉ. ठाकुर ने कहा कि संस्थान हमेशा छात्रों के उज्ज्वल भविष्य और उनके सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने विदा होने वाले छात्रों को जीवन के नए सफर के लिए मार्गदर्शन भी दिया। समारोह को यादगार बनाने के लिए जूनियर्स ने फ्रेशर्स और सीनियर्स के लिए कई तरह के मनोरंजक खेलों का आयोजन किया। इसके साथ ही छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर दर्शकों का मन मोह लिया। इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण छात्रों को दिए गए अनोखे और दिलचस्प टाइटल्स रहे, जिन्होंने पूरे माहौल को हंसी-मजाक और तालियों से गूंजने पर मजबूर कर दिया। मुख्य खिताबों में तृषा होंतली मैकेनिकल ब्रांच को मिस फ्रेशर, मोहम्मद शाहिद इलेक्ट्रिकल ब्रांच को मिस्टर फ्रेशर के अवार्ड से नवाजा गया।

मिस्टर फेयरवेल दशरथ पंजरों मैकेनिकल को और मिस फेयरवेल अलीशा इलेक्ट्रिकल को दिया गया। इस पूरे आयोजन ने जहाँ नए छात्रों को कॉलेज परिवार से घुलने-मिलने का मौका दिया, वहीं विदा हो रहे छात्रों की आँखों में पुरानी यादें और भविष्य के सपने तैर गए। राष्ट्रगान और सुरुचिपूर्ण भोज के साथ इस शानदार और यादगार कार्यक्रम का समापन हुआ।

# एनएमडीसी ने ग्रामीणों को लाभ पहुंचाने लगाया शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बचेली



भांसी में एनएमडीसी बचेली के सीएसआर विभाग द्वारा एनएमडीसी अपोलो अस्पताल के सहयोग से निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस पहल का आयोजन स्वास्थ्य की गुणवत्ता को बढ़ाने के उद्देश्य से किया गया, जिसका लाभ सुदूर क्षेत्र के ग्रामीण ने भी उठाया।

इस शिविर में बीपी, शुगर, हीमोग्लोबिन, सामान्य स्वास्थ्य जांच आदि की सुविधा उपलब्ध करवाई गयी जिसमें 132 ग्रामीण उपस्थित हुए। एनएमडीसी बचेली के परियोजना प्रमुख श्रीधर कोडाली की उपस्थिति में इस पहल की शुरुआत की गयी। जिसमें महेश एस नायर महाप्रबंधक, सौरभ कुमार उप-महाप्रबंधक, जोसी थॉमस उप-महाप्रबंधक, सीएसआर, डॉ. श्यामली रॉय मुख्य चिकित्सा प्रशासक एनएमडीसी अपोलो अस्पताल बचेली, अन्य चिकित्सा अधिकारीगण, जिला पंचायत उपाध्यक्ष, सरपंच एवं सचिव भांसी तथा एनएमडीसी कर्मचारीगण इत्यादि सम्मिलित हुए।

मुख्य अतिथि श्रीधर कोडाली मुख्य महाप्रबंधक बचेली ने कहा कि एनएमडीसी बचेली अपने सामाजिक दायित्वों को निभाने में सदैव तत्पर रहा है और आस-पास के ग्रामीणों की स्वास्थ्य सेवाओं की निरंतरता और गुणवत्ता बनाये रखने में सदा आगे रहेगी। सीएसआर विभाग बचेली आगे भी आस-पास के ग्रामों में ऐसे निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन करेगी, जिससे अन्य ग्रामीण भी लाभान्वित होंगे।

# समाधान शिविर में हितग्राहियों को वितरित किए गए आयुष्मान कार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



राज्य शासन की मंशा के अनुरूप आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करने एवं शासकीय योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से सुशासन तिहार के तहत नगरीय निकाय दंतेवाड़ा द्वारा कतियाररास में समाधान शिविर का आयोजन किया गया।

■ घर एवं दुकानों तक पहुंची प्रशासन की टीम

शिविर में बड़ी संख्या में नागरिकों ने पहुंचकर विभिन्न योजनाओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। शिविर के दौरान पूर्व में आयुष्मान कार्ड हेतु आवेदन कर चुके पात्र हितग्राहियों, जिनके कार्ड तैयार हो चुके थे, उन्हें मौके पर ही आयुष्मान कार्ड वितरित किए गए। प्रशासनिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा हितग्राहियों को कार्ड सौंपते हुए योजना से मिलने वाली सुविधाओं की विस्तृत जानकारी भी दी गई। आयुष्मान कार्ड के माध्यम से पात्र परिवारों को प्रतिवर्ष 5 लाख रुपए तक के निःशुल्क उपचार की सुविधा प्राप्त होगी, जिससे जरूरतमंद परिवारों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल सकेगा। कतियाररास में आयोजित सुशासन तिहार शिविर में आए जय कुमार ने बताया कि उन्होंने कुछ समय पूर्व आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए आवेदन किया था। सुशासन तिहार समाधान शिविर के माध्यम से उनका आयुष्मान कार्ड तैयार होकर उन्हें प्राप्त हुआ। कार्ड मिलने पर उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि अब जरूरत पड़ने पर परिवार को बेहतर इलाज की सुविधा मिल सकेगी। उन्होंने शासन एवं जिला प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सुशासन तिहार के कारण आम लोगों को योजनाओं का लाभ आसानी से मिल रहा है।

# डायल 112 सेवा व हाईवे पेट्रोलिंग शुरू



हरिभूमि न्यूज ▶▶| किरन्दुल

प्रारंभिक तौर पर जिले में डायल 112 सेवा का संचालन थाना दंतेवाड़ा, गीदम, बचेली एवं किरंदुल क्षेत्रांतर्गत प्रारंभ किया गया है। आज जिला दंतेवाड़ा में आमजन को त्वरित पुलिस सहायता उपलब्ध कराने हेतु डायल 112 आपातकालीन सेवा एवं हाईवे पेट्रोलिंग का शुभारंभ दंतेवाड़ा विधायक चैतराम अट्टामी एवं जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी के करकमलों द्वारा किया गया।

पुलिस अधीक्षक गौरव राय द्वारा डायल 112 वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह सेवा जिले के नागरिकों को आपातकालीन परिस्थितियों में तत्काल सहायता उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इसके माध्यम से पुलिस, चिकित्सा एवं अन्य आवश्यक आपात सेवाएं शीघ्रता से लोगों तक पहुंचाई जाएंगी। पुलिस अधीक्षक ने डायल 112 सेवा की कार्यप्रणाली की जानकारी देते हुए बताया कि किसी भी आपात स्थिति में नागरिक 112 नंबर पर कॉल कर तत्काल सहायता प्राप्त कर सकते हैं। यह सेवा 24 घंटे संचालित रहेगी तथा प्रारंभिक तौर पर जिले के चार थानों के क्षेत्रांतर्गत तक भी प्रभावी पहुंच सुनिश्चित करेगी। कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामकुमार बर्मन, एसडीओपी राहुल उइके, गोविंद दीवान, नसरुल्ला सिद्दीकी, रक्षित निरीक्षक सुशील नौटियाल, थाना कोतवाली प्रभारी निरीक्षक धनंजय सिन्हा, डायल 112 प्रभारी उपनिरीक्षक रूपेश नारंग सहित पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधिगण एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम को लेकर हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| किरंदुल

नगर पालिका परिषद किरंदुल के कार्यालय में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर 20 मई को बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष रूबी शैलेन्द्र सिंह, उपाध्यक्ष, पार्षदगण, व्यापारी, दुकानदार, होटल संचालक एवं नगर के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्य नगरपालिका अधिकारी शशि भूषण महापात्र ने जानकारी दी कि केंद्र सरकार द्वारा 1 अप्रैल से पूरे देश में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम लागू किया गया है। इसके तहत नगर क्षेत्र में निकलने वाले सूखे एवं गीले कचरे का पृथक्करण, सुरक्षित परिवहन एवं वैज्ञानिक निपटान अनिवार्य किया गया है। नागरिकों से अपील की गई कि वे अपने घरों एवं प्रतिष्ठानों में अलग-अलग डस्टबिन का उपयोग करें तथा स्वच्छता बनाए रखने में नगर पालिका का सहयोग करें। साथ ही बताया गया कि कचरा प्रबंधन के लिए चार प्रकार के डस्टबिन का उपयोग किया जाएगा, जिसमें गीला कचरा, सूखा कचरा, घरेलू हानिकारक कचरा एवं सैनिटरी वेस्ट को अलग-अलग एकत्रित किया जाएगा। होटल संचालकों, मेडिकल स्टोर, किराना दुकानों, मैरिज हॉल एवं अन्य व्यापारिक प्रतिष्ठानों को कचरा प्रबंधन संबंधी नियमों की विस्तृत जानकारी दी गई। उप अभियंता संजय मार्कण्डेय ने बताया कि सभी बड़े व्यापारिक प्रतिष्ठानों को अपने परिसर में कचरा संग्रहण एवं प्रसंस्करण की व्यवस्था सुनिश्चित करनी होगी।

**न्यायालय नजूल अधिकारी कांकेर, जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)**
**रा.प्र.क्र./202605140400021/अ-6/2025-26**

**// उद्घोषणा //**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक जगदीश कुमार चक्रवर्ती पिता अजित कुमार चक्रवर्ती के द्वारा मोहल्ला राजापारा कांकेर में स्थित भूमि शीट नं. 13 डी, प्लाट नं. 37/1, क्षेत्रफल 312 व.मी., कच्चा मकान मय हाता, वार्षिक भू-भाटक 63.68 रु. अरुणा चक्रवर्ती पति स्व. अजय कुमार चक्रवर्ती, रिलि मुखर्जी पिता स्व. अजय कुमार चक्रवर्ती, मिलि चक्रवर्ती पिता स्व. अजय कुमार चक्रवर्ती निवासी कांकेर नजूल अभिलेख में दर्ज है। आवेदक व्दारा उक्त भूमि को विक्रय मूल्य कीमती 25,00,000.00 रु. (पच्चीस लाख रु.) में क्रय कर दिनांक 11.05.2026 को जिला पंजीयक कार्यालय कांकेर में पंजीयन कराने का उल्लेख करते हुये विक्रेतागण का नाम नजूल अभिलेख से विलोपित कर क्रेता का नाम दर्ज किये जाने विक्रय पत्र की छायाप्रति के साथ छ.ग. भू राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतः इस संबंध में किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय आदि को कोई दावा आपत्ति हो तो न्यायालयीन अवधि में इस उद्घोषणा के नगर/ मोहल्ले में चस्पा के 15 दिवस के भीतर स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर सुनवाई नही की जावेगी।

आज दिनांक 14/05/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया है।

मुहर

**नजूल अधिकारी**
**उत्तर बस्तर कांकेर**

**// नाम परिवर्तन //**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि परिमल माहातो पिता कालीपद माहातो (PARIMAL MAHATO S/O KALIPADA MAHATO), निवासी- प्लॉट नं. 201/04, सिलतरा चौक, मरकाटोला (फत्तेचंद), कांकेर, जिला- उ.ब. कांकेर (छ.ग.) यह शपथ करता हूं कि मैंने अपना यह पुराना नाम को त्याग कर नया नाम परिमल कुमार माहातो पिता कालीपद माहातो (PARIMAL KUMAR MAHATO S/O KALIPADA MAHATO) रख लिया हूं। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम परिमल कुमार माहातो पिता कालीपद माहातो (PARIMAL KUMAR MAHATO S/O KALIPADA MAHATO) से ही जाना पहचाना जावे।

**परिमल कुमार माहातो**
**प्लॉट नं. 201/04, सिलतरा चौक, मरकाटोला (फत्तेचंद), कांकेर, जिला- उ.ब. कांकेर (छ.ग.)**

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
डॉ. विजय रावत (MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)
मो. 9981321524 / 7223011528

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### शहीद रामकुमार यादव की पुण्यतिथि मनाई

**कांकेर।** झुनियापारा कांकेर मे स्थित रामकुमार यादव के प्रतिमा स्थल पर 20 मई को विधायक आशाराम नेताम, नगरपालिका अध्यक्ष अरुण कौशिक व शहीद परिवार व यादव समाज के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर पुष्प माला अर्पित कर नवमी पुण्यतिथि मनाई गई। प्रतिमा स्थल में श्रध्दांजली अर्पित कर शहीद रामकुमार शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मे शहीद परिवार का सम्मान व पुष्प अर्पित कर शहीद जवान को याद किया गया। इस अवसर पर यादव समाज के जिलाध्यक्ष गिरधर यादव ने बताया कि शहीद रामकुमार यादव चोलनार दन्तेवाड़ा जिले में एक नक्सली हमले मे 20 मई 2018 में शहीद हो गए थे।

### कलेक्टर ने सहायता राशि किया स्वीकृत

**कांकेर।** राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 6-4 में दिए गए अधिकारों का प्रयोग करते हुए कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने सर्प काटने से मृत्यु होने के दो प्रकरणों में मृतक के आश्रितों के लिए चार-चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। भानुप्रतापपुर तहसील के ग्राम उत्तामार निवासी 27 वर्षीय आत्माराम कल्लो की सर्प काटने से मृत्यु होने पर उनके निकटतम आश्रित नागेश्वरी के लिए चार लाख रुपए तथा दुर्गुकोंदल तहसील के ग्राम नवागांव निवासी 42 वर्षीय जयसिंह कोमरा की सर्प काटने से मृत्यु होने पर पत्नी सुमरोबाई के लिए चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता कलेक्टर द्वारा स्वीकृत की गई है।

### प्रवेश परीक्षा का मॉडल उत्तर जारी, दावा-आपत्ति 30 तक

**कांकेर।** मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजनांतर्गत संचालित प्रयास आवासीय विद्यालयों में कक्षा 9वीं सत्र 2026-27 में प्रवेश के लिए आयोजित प्राक्चयन परीक्षा का मॉडल आंसर जारी कर दिया गया है। यह परीक्षा 10 मई 2026 रविवार को आयोजित की गई थी। आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि जारी सूचना के अनुसार मॉडल उत्तर विभागीय वेबसाइट पर उपलब्ध है तथा दावा-आपत्ति 30 मई सायं 5.30 बजे तक आमंत्रित की गई है। जिले के परीक्षार्थियों को दावा-आपत्ति आदिवासी विकास सहायक आयुक्त कार्यालय कांकेर में स्वयं उपस्थित होकर आवेदन के साथ संबंधित दस्तावेज एवं प्रमाण जमा करना होगा।

# जनगणना अभियान को गति देने किया जनजागरूकता रथ रवाना

## सही जानकारी से बनेगी विकास की मजबूत नींव

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

- घर-घर पहुंचेगा जनगणना संदेश
- मकान गणना के लिए विशेष अभियान शुरू
- जनगणना रथ कर रहा लोगों को जागरूक




जनगणना 2027 के प्रथम चरण के तहत जिले में मकानों की गणना एवं मकान सूचीकरण कार्य को लेकर व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। प्रशासन द्वारा आम नागरिकों को जनगणना के महत्व, उसकी प्रक्रिया और इसमें सहभागिता की आवश्यकता से अवगत कराने के लिए विशेष पहल की गई है। इसी कड़ी में हाल ही में जनगणना जागरूकता रथ को रवाना किया गया, जो जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में भ्रमण कर लोगों को जागरूक करने का कार्य कर रहा है।

जागरूकता रथ के माध्यम से नागरिकों को बताया जा रहा है कि जनगणना केवल आंकड़ों का संकलन नहीं, बल्कि देश और समाज के विकास की मजबूत आधारशिला है। इसके जरिए सरकार को आबादी, आवास, संसाधनों और मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी सटीक जानकारी प्राप्त होती है, जिसके आधार पर विकास योजनाएं तैयार की जाती हैं। रथ में लगाए गए ऑडियो संदेशों, पोस्टरों और प्रचार सामग्री के जरिए लोगों को मकान गणना एवं मकान सूचीकरण की प्रक्रिया सरल भाषा में समझाई जा रही है। प्रशासनिक अधिकारियों ने नागरिकों से अपील की है कि वे जनगणना कार्य में पूर्ण सहयोग करें और गणनाकर्मियों को सही एवं पूरी जानकारी उपलब्ध कराएं। जागरूकता अभियान के तहत रथ विभिन्न ग्राम पंचायतों, बाजार क्षेत्रों और नगरीय वार्डों में पहुंचकर लोगों को जनगणना के प्रति जागरूक कर रहा है।

जनगणना 2027 का यह प्रथम चरण जिले में योजनाबद्ध तरीके से संचालित किया जा रहा है, ताकि प्रत्येक परिवार और मकान का सही विवरण दर्ज हो सके। प्रशासन का मानना है कि नागरिकों की सक्रिय भागीदारी से जनगणना कार्य अधिक प्रभावी और सफल बनाया जा सकता है। अभियान को लेकर लोगों में उत्साह भी देखा जा रहा है और ग्रामीण क्षेत्रों में रथ के पहुंचने पर लोग जानकारी प्राप्त करने में रुचि दिखा रहे हैं।

## नरहरपुर में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 पर विशेष बैठक आयोजित की

# स्वच्छता केवल प्रशासन की नहीं बल्कि प्रत्येक नागरिक की नैतिक जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नरहरपुर

**नियमों की अनदेखी पर व्यक्तियों एवं संस्थानों पर होगी कार्रवाई**



नगर पंचायत नरहरपुर में शुक्रवार को ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर नगर पंचायत सभा कक्ष में विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मुख्य नगरपालिका अधिकारी रोशन सिंह ठाकुर ने की। बैठक में नगर के जनप्रतिनिधियों, व्यापारियों, दुकानदारों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के संचालकों एवं स्वच्छता कर्मचारियों को ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों और उनकी जिम्मेदारियों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।

बैठक का मुख्य उद्देश्य नगर को स्वच्छ, सुंदर एवं प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए जनसहभागिता बढ़ाना रहा। इस दौरान अधिकारियों ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि शासन द्वारा लागू ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 का पालन करना सभी नागरिकों एवं व्यापारिक प्रतिष्ठानों के लिए अनिवार्य है। मुख्य नगरपालिका अधिकारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व भी है। उन्होंने लोगों से अपने घरों एवं प्रतिष्ठानों से निकलने वाले कचरे का पृथक्करण करने तथा गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग रखने की अपील की, ताकि उसके वैज्ञानिक निष्पादन और पुनर्चक्रण में सुविधा हो सके। बैठक के दौरान अधिकारियों ने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन साझा की। बताया गया कि पर्यावरण संरक्षण एवं सार्वजनिक स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए न्यायालय समय-समय पर सख्त निर्देश जारी करता रहा है। नियमों की अनदेखी करने वाले व्यक्तियों एवं संस्थानों पर कार्रवाई भी की जा सकती है। अधिकारियों ने बताया कि रसोई से निकलने वाला जैविक अपशिष्ट गीले कचरे की श्रेणी में आता है, जबकि प्लास्टिक, कागज, बोतल, टीन एवं अन्य सामग्री सूखे कचरे में शामिल होती हैं। दोनों प्रकार के कचरे को अलग-अलग रखने से उनके उचित निपटान एवं पुनर्चक्रण में आसानी होती है और नगर की सफाई व्यवस्था बेहतर बनती है। बैठक में नगर पंचायत के टोल फ्री नंबर निदान 1100 की जानकारी भी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि सफाई व्यवस्था, कचरा उठाव, जल निकासी एवं अन्य नागरिक समस्याओं की शिकायत इस नंबर पर दर्ज कराई जा सकती है, जिस पर संबंधित विभाग द्वारा त्वरित कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में नगर पंचायत उपाध्यक्ष दिनेश पटेल, पार्षद वीरेंद्र जैन सहित बड़ी संख्या में व्यापारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इसके अलावा निकाय के अधिकारी-कर्मचारी, स्वच्छता दीदी एवं सफाई कर्मचारी भी मौजूद रहे। बैठक में सभी ने नगर को स्वच्छ एवं पर्यावरण अनुकूल बनाने के लिए प्रशासन का सहयोग करने का भरोसा दिलाया।

# फन एंड लर्न समर कैंप में कला संस्कृति का संगम, बच्चे हो रहे स्मार्ट



- सैकड़ों विद्यार्थी जुंबा डांस, स्पोकन इंग्लिश, ड्राइंग-पेंटिंग मेहंदी, रंगोली का सीख रहे हुनर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

कांकेर में इन दिनों बच्चों की प्रतिभा, उत्साह और सपनों को नई उड़ान देने वाला नन्हे सितारे फन एंड लर्न समर कैंप 2026 आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। शिक्षा, संस्कृति, खेल और रचनात्मक गतिविधियों का अनूठा संगम बने इस शिविर में बच्चे सीखने के साथ-साथ आनंद और आत्मविश्वास का भी नया अनुभव प्राप्त कर रहे हैं। जिला कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी नीलेश कुमार महादेव क्षीरसागर तथा जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी के निर्देशन में जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित यह समर कैंप शहीद रामकुमार यादव शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, कांकेर में संचालित हो रहा है। जिला शिक्षा अधिकारी रमेश कुमार निषाद एवं डीएमसी नवनीत पटेल के मार्गदर्शन में प्रतिदिन 250 से अधिक विद्यार्थी उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं। समर कैंप के प्रथम सत्र में योग, व्यायाम, जुंबा डांस, स्पोकन इंग्लिश, ड्राइंग-पेंटिंग, मास्क मेकिंग, मेहंदी, रंगोली और अन्य रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से बच्चों के शारीरिक, मानसिक और कलात्मक विकास को बढ़ावा दिया जा रहा है। वहीं द्वितीय सत्र में सांस्कृतिक कार्यक्रमों, रचनात्मक प्रस्तुतियों और स्पोकन इंग्लिश के जरिए विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिल रहा है। प्रथम चरण में कोयलीबेड़ा विकासखंड के पानीडोबीर एवं बड़पारा क्षेत्र से लगभग 90 बच्चे शामिल हुए हैं। आगामी चरणों में चारगांव, अंतागढ़ विकासखंड के आतुरबेड़ा और भैंसगांव क्षेत्र के बच्चे भी शिविर से जुड़ेंगे।

# भाजयुमो के सेवा दिवस पर रक्तदान पौधारोपण और जनसेवा के कार्य हुए

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर



भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला कांकेर द्वारा जिला अध्यक्ष संजू गोपाल साहू के नेतृत्व में आयोजित सेवा दिवस सामाजिक सरोकार, जनसेवा और मानवता का प्रेरणादायक उदाहरण बनकर सामने आया। पूरे जिले में दिनभर चले विभिन्न सेवा एवं जनकल्याण कार्यक्रमों में युवाओं, कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आयोजन के माध्यम से समाज सेवा, पर्यावरण संरक्षण और सहयोग का संदेश दिया गया। कार्यक्रम की शुरुआत शीतलापारा स्थित शीतला मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हुई। यहां भाजयुमो जिला अध्यक्ष संजू गोपाल साहू सहित कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और जनकल्याण की कामना की।

# बस्तर मुन्ने व सुशासन तिहार क्लस्टर स्तरीय शिविर प्रारंभ

**कांकेर।** जिले के नागरिकों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने के लिए बस्तर संभाग में संचालित बस्तर मुन्ने तथा नियद नेल्लानार 2.0 और राज्य व्यापी सुशासन तिहार अभियान के तहत जिले के विभिन्न ग्रामों में 01 मई से शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में क्लस्टर स्तरीय शिविर भी आयोजित किए जा रहे हैं, जिसमें जनता की समस्याओं का निराकरण किया जा रहा है, साथ ही विभिन्न व्यक्तिमूलक योजनाओं से लाभान्वित भी किया जा रहा है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरेश मंडावी द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार 21 मई को अंतागढ़ विकासखण्ड के ग्राम आमागांव, भानुप्रतापपुर विकासखण्ड के सोनेकन्हार, चारामा विकासखण्ड के ग्राम हल्बा, कोयलीबेड़ा के ग्राम धरमपुर, नरहरपुर विकासखण्ड के ग्राम सुरही में क्लस्टर स्तरीय शिविर का आयोजन किया जाएगा।

# तुलसी मानस प्रतिष्ठान के युवराज अध्यक्ष मनोनीत



**दुर्गुकोंदल।** धार्मिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों को नई दिशा देने के उद्देश्य से तुलसी मानस प्रतिष्ठान दुर्गूकोंदल की नवीन कार्यकारिणी की घोषणा की गई। नई टीम के गठन के साथ ही क्षेत्र में रामचरितमानस के प्रचार-प्रसार, मानस गान, भजन-कीर्तन एवं सांस्कृतिक आयोजनों को और अधिक सक्रियता से संचालित करने का संकल्प लिया गया। प्रतिष्ठान की आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से युवराज पटेल को अध्यक्ष चुना गया। वहीं भगवानी राम सिन्हा को कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया। उपाध्यक्ष पद पर रामगोपाल साहू, शंकरदास नागवंशी एवं जगदेव पांडे को जिम्मेदारी सौंपी गई। इसके अलावा विकास राजू नायक को सचिव तथा संतराम चुरेंद्र को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। समन्वयक के रूप में श्यामलाल दुग्गा एवं यशवंत तिवारी को जिम्मेदारी दी गई। मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी प्रवीण कुमार सिन्हा को दी गई, जबकि भूपेंद्र सिन्हा एवं दुर्गेश देवांगन को सह मीडिया प्रभारी बनाया गया। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि रामचरितमानस केवल धार्मिक ग्रंथ ही नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, नैतिकता और जीवन मूल्यों का आधार है।

# तेलिन सती महोत्सव में साहू समाज हुआ शामिल



**भानुप्रतापपुर।** कोंडागांव जिले की प्रसिद्ध केशकाल घाटी स्थित तेलिन सती माता मंदिर में आयोजित प्रथम प्रदेश स्तरीय तेलिन सती महोत्सव में भानुप्रतापपुर क्षेत्र से साहू समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। श्रद्धालुओं ने माता के दर्शन कर पूजा-अर्चना की तथा समाज की सुख-समृद्धि की कामना की।

तेलिन सती माता मंदिर छत्तीसगढ़ की लोक आस्था का प्रमुख केंद्र माना जाता है। 12वीं सदी से चली आ रही परंपराओं के अनुसार यहां हर वर्ष श्रद्धालुओं का पहुंचना जारी रहता है। महोत्सव में प्रदेशभर से समाजजन शामिल हुए, जहां धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। भानुप्रतापपुर से ईश्वर प्रसाद साहू, अजय साहू, लखन साहू, सुरेश साहू, प्रेम साहू, केशव साहू, व्यास साहू, उषा साहू, लिकेश्वरी साहू, गायत्री साहू, बिंदु देवी, पूनम साहू, अंजू साहू, पार्वती साहू, पेमीन साहू एवं खेमन साहू समेत बड़ी संख्या में साहू समाज के महिला-पुरुष, युवा एवं युवतियां महोत्सव में शामिल हुए।

# दुष्कर्म व मारपीट के फरार आरोपी को किया गिरफ्तार और भेजा जेल

**कांकेर।** कांकेर पुलिस ने दुष्कर्म के मामले में लंबे समय से फरार आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक प्रक्रिया के तहत दंतेवाड़ा जेल भेज दिया है। आरोपी पर पीड़िता को शादी का झांसा देकर वर्षों तक शारीरिक शोषण करने, मारपीट करने और धमकी देने का आरोप है। पुलिस ने आरोपी को उसके ग्राम सिंगारभाट स्थित निवास से घेराबंदी कर गिरफ्तार किया। थाना कांकेर पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी सागर देवनाथ को गिरफ्तार कर दंतेवाड़ा जेल दाखिल किया है। आरोपी पीड़िता के साथ लगातार मारपीट करते हुए दुष्कर्म की घटना को अंजाम देता था। पुलिस के अनुसार सिंगारभाट निवासी 38 वर्षीय सागर देवनाथ पिता परिमाल देवनाथ के विरुद्ध पूर्व में वर्ष 2017 में अपराध क्रमांक 180/2017 के



तहत धारा 495, 494, 498(ए) एवं 506(बी) भादवि के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया था। पीड़िता ने थाना कांकेर में लिखित आवेदन प्रस्तुत कर शिकायत दर्ज कराई कि आरोपी ने मैं तुमसे प्यार करता हूं" कहकर शादी का झांसा दिया और वर्ष 2020 से 13 मई 2026 तक लगातार दुष्कर्म किया।

# बस्तर के मुद्दों पर कांग्रेस गरजी, दागे सवाल-किया हमला

- कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सचिव जनक नन्दन कश्यप ने ली पत्रवार्ता

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर



राजीव भवन में आयोजित कांग्रेस की पत्रकार वार्ता में बस्तर के विकास, आदिवासी अधिकारों और जल-जंगल-जमीन की सुरक्षा जैसे मुद्दों पर सरकार को घेरते हुए कई बड़े सवाल उठाए गए। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि बस्तर की जनता अब केवल घोषणाएं नहीं, बल्कि अपने अधिकारों और भविष्य को सुरक्षित करने वाली ठोस कार्रवाई चाहती है। पत्रकार वार्ता में उद्योगों के विस्तार, खनिज संसाधनों के दोहन, बंद हो रहे स्कूलों और आदिवासियों की जमीनों की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंताएं सामने रखी गईं। कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सचिव जनक नन्दन कश्यप ने कहा कि बस्तर के लोग विकास के विरोधी नहीं हैं, लेकिन ऐसा विकास होना चाहिए जो स्थानीय संस्कृति, प्राकृतिक संसाधनों और आदिवासी समाज के अधिकारों की रक्षा करे। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्षों से बस्तर की जनता मूलभूत समस्याओं से जूझ रही है, लेकिन सरकार उनकी आवाज सुनने में असफल रही है। पत्रकार वार्ता के दौरान नेताओं ने एनएमडीसी स्टील प्लांट के निजीकरण का विरोध करते हुए एनएमडीसी मुख्यालय को जगदलपुर स्थानांतरित करने की मांग उठाई। साथ ही बस्तर में लगभग 2000 स्कूल बंद होने के मुद्दे को गंभीर बताते हुए कहा गया कि शिक्षा व्यवस्था लगातार कमजोर हो रही है। कांग्रेस नेताओं ने सवाल किया कि आखिर बस्तर के खनिज संसाधनों का लाभ स्थानीय लोगों को क्यों नहीं मिल रहा है और बाहरी कंपनियों को लगातार खदानों की लीज क्यों दी जा रही है। नंदराज पहाड़ की लीज रद्द करने की मांग भी प्रमुखता से उठाई गई। नेताओं ने सरकार से यह भी पूछा कि बस्तर के प्रत्येक गांव को एक करोड़ रुपये देने का वादा कब पूरा होगा तथा लंबे समय से लंबित 50 हजार करोड़ रुपये के विशेष बस्तर पैकेज पर अब तक निर्णय क्यों नहीं लिया गया। पत्रकार वार्ता में यह मांग भी रखी गई कि बड़े उद्योग स्थापित करने से पहले स्थानीय युवाओं के रोजगार और संभावित विस्थापन पर स्पष्ट नीति बनाई जाए। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों की ग्राम पंचायतों को विशेष आर्थिक सहायता देने, निर्दोष आदिवासियों पर दर्ज मामलों को वापस लेने तथा जेलों में बंद आदिवासियों की रिहाई की मांग भी उठाई गई।

# बस्तर मुन्ने अभियान से गांव-गांव में हो रहे विकास कार्यों से मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्गुकोंदल



विकासखंड दुर्गुकोंदल के अंतर्गत ग्राम पंचायत जाड़ेकुर्से मे बुधवार 20 मई को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित बस्तर मुन्ने, सुशासन तिहार एवं नियद नेल्लानार 2.0 अभियान के अंतर्गत विशेष शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें ग्राम पंचायत जाड़ेकुर्से, परभेली, गुदुम, कराकी, कोन्डरुंज और लोहत्तर के ग्रामीण शामिल हुए।

सभी विभाग प्रमुख द्वारा अपने अपने विभाग के बस्तर मुन्ने मे प्राप्त आवेदन एवं निराकृत आवेदन पत्रों की जानकारी दिया गया। साथ ही हितग्राहियों अलग अलग विभाग के कुल 30 आवेदन प्राप्त हुए, जिन्हे उक्त कार्यवाही के लिए उच्च कार्यालय मे भेजा जाऐगा और शीघ्र निराकरण करने की कोशिश किया जाऐगा। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों के स्वागत एवं माँ भारती एवं छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र मे दीप प्रज्वलन के साथ हुई। मुख्यातिथि जनपद पंचायत सभापति विकास राजू नायक ने कहा कि सरकार की विभिन्न योजनाएं ग्रामीणों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही हैं। बस्तर संभाग के दूरस्थ क्षेत्रों में निवास करने वाले ग्रामीणों तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए लगातार विशेष अभियान चलाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि बस्तर मुन्ने अभियान का उद्देश्य बस्तर क्षेत्र को विकास की मुख्यधारा से जोड़ना है, वहीं सुशासन तिहार के माध्यम से शासन और जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित किया जा रहा है। तहसीलदार सुरेंद्र उर्वशा ने शिविर में उपस्थित ग्रामीणों को राजस्व विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं जनहितकारी सेवाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, जाति, आय एवं निवास प्रमाण पत्र सहित अन्य राजस्व संबंधी कार्यों की प्रक्रिया के बारे में अवगत कराते हुए कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ लेने के लिए आमजन समय पर आवेदन करें।उन्होंने बताया कि राजस्व विभाग आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए प्रतिबद्ध है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

